सार-समाचार

मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी

कपासन, (निसं)। राजस्व ग्राम मेवदा के ग्रामीणों ने ग्राम मेवदा को ग्राम पंचायत मुंगाना से हटाकर ग्राम पंचायत देवरिया में शामिल किए जाने के प्रस्ताव का कड़ा विरोध जताते हुए इसे वापस लेने की मांग की है। ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी कपासन को एक सामूहिक ज्ञापन सौंप कर चेतावनी दी कि मांग नहीं मानी गई तो समस्त ग्रामवासी मतदान बहिष्कार करेंगे। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि ग्राम मेवदा, ग्राम पंचायत मुंगाना से मात्र 1 किलोमीटर दूरी पर स्थित है तथा स्टेट हाईवे से जुड़ा हुआ है। तहसील, उपखंड कार्यालय, न्यायालय, पटवार हल्का मुंगाना एवं कृषि संबंधी कार्यों के लिए कपासन जाने हेतु भी मुंगाना मार्ग ही सबसे सुगम और सुविधाजनक है। ऐसे में ग्राम मेवदा को मुंगाना पंचायत से हटाना जनहित के विपरीत कहा गया। ग्रामीणों ने कहा कि प्रस्तावित देवरिया ठाम पंचायत की दूरी मेवदा से लगभग 4 किलोमीटर पड़ती है तथा मार्ग भी खराब होने के कारण वहाँ तक आवागमन ठामीणों के लिए कठिन व असुविधाजनक हो जाएगा। प्रशासनिक, राजस्व एवं पंचायत सेवाओं के लिए अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ेगी, जिससे समय व आर्थिक हानि होगी। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि राजस्व ग्राम मेवदा को ग्राम पंचायत मुंगाना में ही यथावत् रखा जाए, अन्यथा समस्त ग्रामीण आगामी चुनाव में मतदान बहिष्कार करने के लिए बाध्य होंगे।

डेढ़ लाख की पेनल्टी वसूली, वाहन जब्त

उदयपुर, (कासं)। अरावली पर्वतमाला के संरक्षण को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत उदयपुर सहित अरावली विस्तार के जिलों में अवैध खनन के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी है। उदयपुर में जिला कलेक्टर नमित मेहता के नेतृत्व में प्रभावी कार्रवाई करते हुए संयुक्त निरीक्षण दल ने विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन व निर्गमन के मामलों में बड़ी कार्रवाई की है। खनि अभियंता आसिफ अंसारी ने बताया कि अभियान के तहत बुधवार को संयुक्त निरीक्षण दल द्वारा उदयपुर जिले की घासा तहसील के बिकरणी ग्राम में खनिज मेसनरी स्टोन के लगभग 20 टन अवैध खनन का प्रकरण बनाकर 1 लाख 9 हजार रुपये की पेनल्टी वसूली की गई। इसी क्रम में मावली के फतहनगर ग्राम में खनिज क्वार्ट्ज के अवैध निर्गमन के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए एक ट्रैक्टर मय खनिज जब्त किया गया, जिससे 31,150 रुपये की वसूली की गई। वहीं ऋषभदेव क्षेत्र में अवैध निर्गमन के खिलाफ कार्रवाई कर एक ट्रैक्टर मय 4 टन मेसनरी स्टोन जब्त किया गया। इसके अलावा घासा क्षेत्र में ईंट भट्टे पर भी कार्रवाई की गई। अंसारी ने बताया कि राज्य सरकार अरावली क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण को लेकर पूरी तरह से कटिबद्ध है। अवैध खनन करने वालों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

उचित मूल्य दुकानों के प्राधिकार पत्र जारी

उदयपुर, (कासं)। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा उदयपुर जिले में माननीय विधायक की अनुशंसा के आधार पर विभिन्न तहसीलों में नवीन उचित मूल्य दुकानों के संचालन हेतु प्राधिकार पत्र जारी किए गए। जिला रसद अधिकारी उदयपुर (प्रथम) द्वारा जारी प्राधिकार पत्रों के उपरांत बुधवार को ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा ने तहसील गिर्वा के डेडकिया एवं तहसील बारापाल के तोरण तलाब में नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के संचालकों को प्राधिकार पत्र प्रदान किए। इसी क्रम में विधायक उदयलाल डांगी से दूरभाष पर प्राप्त निर्देशों के अनुसार तहसील वल्लभनगर के राजपुरा एवं नारियाखेड़ी में नवसृजित उचित मूल्य दुकानों के प्राधिकार पत्र भी जिला रसद अधिकारी द्वारा जारी किए गए। इस अवसर पर गिर्वा एवं बारापाल की आवंटन सलाहकार समिति के सदस्य हिम्मत सिंह देवड़ा, दिनेश धाबाई, बद्रीलाल चौधरी एवं शांता देवी उपस्थित रहे।

'योग अलौकिक चमत्कारों का भंडार'

डूंगरपुर। आध्यात्मिक अष्टांग योग का उन्नत साधक अलौकिक चमत्कारों का भंडार बन जाता है तथा वह देवतुल्य प्रतीत होता है। यह अनुभूत विचार महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की आचार्य सुश्री सीमा द्विवेदी ने बुधवार को व्यास आश्रम, दामडी में योग शिविर के समापन समारोह की अध्यक्षता करते हुए व्यक्त किए। योग-साधना के कारण, अपने जीवन के अलौकिक अनुभवों का जिक्र करते हुए सुश्री द्विवेदी ने कहा कि प्राणायाम योग का चौथा चरण है, लेकिन एकमात्र इसका अभ्यास भी इससे पूर्व के तीन चरणों तथा इसके बाद के चार चरणों को पूरा करवाने में कारगर सिद्ध होता है। बैंगलोर से अर्चना शुक्ला, जयपुर से डां ममता मिश्रा, लखनऊ से भारती मिश्रा व प्रांजल मिश्रा तथा डूंगरपुर से युवा नेता बंशीलाल कटारा, भाजपा के महामंत्री सुरमाल परमार, महेश सुथार, पूर्वांश यादव, लोचन सुथार, आशीष सुथार, प्रफुल्ल पाटीदार, अशोक सुथार, मुकेश सुथार, नैतिक त्रिवेदी, हिमानी सुथार, रतनलाल कटारा, लता सुथार, शिवानी सुथार, रुद्रांश त्रिवेदी, प्रज्ञा सुथार, भुवन पाटीदार, धु व पाटीदार, भव्य पंचाल, लक्ष्य सुथार, दृश्य सुथार आदि अनेक साधक-साधिकाओं ने शिविर में भाग लिया। व्यास आश्रम,दामडी के संस्थापक व निदेशक ब्रह्मर्षि पं.विद्याशंकर व्यास गोर ने योग-साधना, व्यावहारिक मानव जीवन, धर्म आदि का ज्ञान-विज्ञान समझाया।

सर्द हवाओं ने पकड़ा जोर

डूंगरपुर। जिला मुख्यालय सहित जिले भर में बुधवार का दिन मौसम का सबसे सर्द दिन के रूप में निकल कर आया। जहां अल सुबह 8 बजे तक तो मौसम में आई नमी व बादलों के रूप में छाये घने कोहरे ने सामान्य जन जीवन को पूरी तरह रोक कर रख दिया और आलम यह रहा है कि आम जन को समय का एहसास ही नहीं हो रहा था। और इसी के चलते के दोपहर के बाद मौसम में बदलाव के बाद सूर्यदेव के दर्शन हुए और फिर दिन भर सूर्यदेव एवं बादलो के बीच लूकाछिपी का खेल चलता रहा। मौसम में बदलाव का पूर्वांचल राज्यों में लगातार बर्फ बारी का परिणाम अब तटीय व मैदानी क्षेत्रों में भी देखने को मिल रहा है। बुधवार को अलसुबह से ही सूर्य भगवान के दर्शन नहीं हुए तो वही सर्द-हवाओं ने ठिठुरन बढा दी। वही शहर की पहाडियां धुंध से अटी हुई दिखने के कारण अदृश्य ही रही। गांवो से आने वाले लोगों को ऊनी वस्त्रों की स्टॉल पर खरीददारी करते भी देखा गया।

रात्रि चौपालों का कार्यक्रम जारी

डूंगरपुर। माह जनवरी 2026 में जिले में विभिन्न ग्राम पंचायत मुख्यालय पर जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह द्वारा की जाने वाली रात्रि चौपालों का कार्यक्रम जारी किया गया है।जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि ०1 जनवरी पंचायत समिति आसपुर की ग्राम पंचायत गलियाणा में, ०8 जनवरी पंचायत समिति बिछीवाडा की ग्राम पंचायत सेरावाडा में,15 जनवरी पंचायत समिति गलियाकोट की ग्राम पंचायत मोदर में, 22 जनवरी को पंचायत समिति झौथरी की ग्राम पंचायत बेडसा में, 27 जनवरी को पंचायत समिति साबला की ग्राम पंचायत पिण्डावल में, 29 जनवरी 2026 को पंचायत समिति डूंगरपुर की ग्राम पंचायत पिपलादा में, संबंधित राजकीय सीनियर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित की जाएगी। संबंधित विकास अधिकारी पंचायत समिति यह सुनिश्चित करावें की ऋतु होने से रात्रि चौपाल डोम स्थल पर ही रखावें। संबंधित विकास अधिकारी अपने ग्राम विकास अधिकारी एवं मध्यमों से संबंधित ग्राम पंचायत क्षेत्र में रात्रि चौपाल आयोजन का प्रचार-प्रसार करावें।

राष्ट्रीय सेविका समिति का प्रारंभिक शिक्षा वर्ग सम्पन्न

डूंगरपुर। राष्ट्रीय सेविका समिति के बांसवाडा विभाग का 6 दिवसीय प्रारम्भिक शिक्षा वर्ग विद्यानिकेतन स्कूल गोकुलपुरा मे सम्पन्न हुआ जिसमे डूंगरपुर,बांसवाडा,सागवाडा,खेरवाडा तथा ऋषभदेव से 2०4 बहनों की सहभागिता रही इस वर्ग का मूल उद्धेश्य नारी शक्ति मे राष्ट्रभाव अनुशासन संघठन भावना एवं संस्कारों के विकास करना है जिसके अंतर्गत शारीरिक, बौद्धिक एवं संस्करात्मक प्रशिक्षण दिया जाता है इस वर्ग मे 11 शिक्षिकाएं एवं 15 प्रबंधिकाये बहनों ने सतत रूप से अपना मार्गदर्शन हेतु उपस्थित रही इस वर्ग की वर्गाधिकारी विमला सुथार,वर्ग कार्यवाहिका ममता अधिकारी विभाग कार्यवाहिका बांसवाडा विभाग की पूर्ण समय उपस्थिति मार्गदर्शन एवं कडी देखरेख मे सम्पन्न हुआ तथा सभी के कुशल नेतृत्व एवं व्यवस्था से वर्ग की सभी गतिविधि संपादित हुई और 3० दिसंबर को आयोजित शाखा मे प्रशिक्षित बहनों ने उनके द्वारा सीखे गए दंड संचालन-नियुद्ध-समता-योग- सूर्य नमस्कार एवं अन्य शारीरिक अभ्यासों का अनुशासित एवं तालब प्रदर्शन कर नारी शक्ति की संगठित क्षमता का परिचय दिया वर्ग समापन 31 दिसंबर को आयोजित दीक्षांत समारोह के साथ हुआ जिसमे राष्ट्रीय सेविका समिति की प्रांत संपर्क प्रमुख निशा जोशी विशेष रूप से उपस्थित रही। इस अवसर पर सभी बहनों को गुड खिलाकर एवं मौली बांधकर मंगलकांनाएं प्रदान की।

'स्थानीय संसाधन आधारित स्वरोजगार प्रशिक्षणों पर करें फोकस'

■ आरसेटी जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक

उदयपुर, (कासं)। आईसीआईसीआई आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक बुधवार को कलेक्ट्रेट मिनी सभागार में जिला कलक्टर के निर्देशन तथा एडीएम सिटी जितेंद्र ओझा की अध्यक्षता में हुई। आरसेटी, उदयपुर द्वारा संचालित प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं भविष्य की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की गई।

प्रारंभ में आरसेटी के संयुक्त निदेशक अमर दीक्षित ने संस्थान का परिचय देते हुए बताया कि आरसेटी ग्रामीण युवाओं, महिलाओं एवं स्वयं सहायता समूहों को स्वरोजगार एवं उद्यमिता से जोड़ने हेतु विभिन्न कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कर रहा है। बैठक में नाबार्ड के जिला विकास प्रबंधक नीरज यादव, संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार सुधीर वर्मा, केवीके के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पी. सी. भटनागर आदि ने उन्नत एवं मांग-आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने मोमबत्ती निर्माण, बकरी पालन,कृषि आधारित प्रशिक्षण तथा खाद्य प्रसंस्करण एवं मूल्य संवर्धन से जुड़े पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने का सुझाव दिया।एडीएम ओझा ने शहद संग्रहण एवं प्रसंस्करण, लघु वन उपज (माइनर फॉरेस्ट प्रोड्यूस) के प्रसंस्करण, जैविक खेती एवं सतत कृषि पद्धतियों से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण स्थानीय संसाधनों पर आधारित होने चाहिए, जिससे ग्रामीण एवं वनवासी समुदायों को स्थायी आजीविका के अवसर प्राप्त हो सकें। साथ ही आरसेटी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

सीएचओ व एएनएम को दिया प्रशिक्षण

बांसवाड़ा, (निसं)। डिजिटल माध्यमों से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सशक्त बनाने के लिए जिले के कुशलगढ़, सज्जनगढ़, घाटोल एवं तलवाड़ा ब्लॉक के उच्च एएनसी लोड वाले स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत सीएचओ एवं एएनएम को पीसीटीएस एएनएम एप्लीकेशन एवं वात्सल्य डिजिटल किट से संबंधित प्रशिक्षण प्रदान किया गया। स्वास्थ्य भवन में प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. खुशपाल सिंह ने सीएचओ एवं एएनएम को फील्ड में गुणवत्तापूर्ण कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की समस्या आने पर तुरंत सूचना दें ताकि समय पर समाधान किया जा सके और आमजन को स्वास्थ्य सेवाओं का पूर्ण लाभ मिल सके। कार्यक्रम में लोकेश शर्मा ने फील्ड स्तर पर एएनएम एवं आशा कार्यकर्ताओं से राज्य सरकार की योजनाओं को जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से पहुंचाने की अपील की। प्रशिक्षण कार्यक्रम में

'स्वच्छ, हरित व प्रदूषण मुक्त भारत बने, यही हो नववर्ष का हमारा साझा संकल्प'

उदयपुर, (कासं)। स्वच्छ भारत मिशन राजस्थान सरकार के स्टेट कोऑर्डिनेटर के के गुप्ता ने नव वर्ष 2026 के अवसर पर समस्त देशवासियों और प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि आज जब हम एक नए साल की दहलीज पर खड़े हैं, तो हम अक्सर अपनी व्यक्तिगत प्रगति की बातें करते हैं। लेकिन आज समय आ गया है कि हम उस घर की बात करें जिसमें हम सब साझा रूप से रहते हैं, हमारी धरती और हमारा पर्यावरण।

राजस्थान के मुख्यमंत्री बार बार स्वच्छता को लेकर सन्देश दे रहे है राजस्थान को समृद्धशाली एवं विकसित राजस्थान बनाना है उससे पहले स्वच्छ राजस्थान एवं प्रदुषण मुक्त राजस्थान बनाना होगा तथा गंदगी एवं प्रदुषण फैलाने वालो के विरुद्ध अभियान चलाना होगा।

स्वच्छता का अर्थ केवल झाड़ू लगाना नहीं है। स्वच्छता हमारी आत्मा और हमारे आचरण का प्रतिबिंब है। प्रधानमंत्री द्वारा शुरू किया गया 'स्वच्छ भारत अभियान' केवल एक सरकारी कार्यक्रम नहीं, बल्कि एक जन-आंदोलन बन चुका है। हमें इसे अपने जीवन में पूरी तरह उतारना होगा? हमें समझना होगा कि जब हम सडक पर एक छोटा सा कचरा फेंकते हैं, तो वह केवल एक कागज का टुकडा नहीं होता, बल्कि वह हमारे नागरिक बोध की विफलता होती है। कचरा मुक्त भारत तभी संभव है जब हम कचरे को स्त्रोत पर ही अलग करना (गीला और सूखा कचरा) सीखें और शून्य अपशिष्टकी जीवनशैली अपनाएं।

वेदों में कहा गया है माता भूमि:पुत्रोऽहं पृथिव्या: यानी पृथ्वी हमारी माता है और हम इसके पुत्र हैं। लेकिन आधुनिकता की अंधी दौड में हमने अपनी माता का दोहन शुरू कर दिया है। पर्यावरण संरक्षण का अर्थ केवल पेड लगाना नहीं है, बल्कि उस पारिस्थितिकी तंत्र को बचाना है जो हमें ऑक्सीजन, भोजन और जल प्रदान करता है। आज जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक संकट है। यदि हम आज नहीं चेते, तो भविष्य की पीढियों के पास जीने के लिए एक स्वस्थ ग्रह नहीं होगा। हमें अपनी नदियों को बचाना होगा, जंगलों को विस्तार देना होगा और वन्यजीवों का संरक्षण करना होगा।

प्रदूषण आज एक 'साइलेंट किलर' बन चुका है। वायु प्रदूषण: हमारे शहरों की हवा जहरीली हो रही है। हमें सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहनों जैसे ग्रीन एनर्जी विकल्पों की ओर तेजी से बढना होगा। प्लास्टिक की बोतलें और थैलियां हमारी जमीन को बंजर और समुद्र को जहरीला बना रही हैं। हमें सिंगल-यूज प्लास्टिक को अपने जीवन से पूरी तरह हटाना होगा।

हमारी जीवनदायिनी नदियाँ फैक्ट्रियों के कचरे से प्रदूषित हो रही हैं। जल का पुनर्चक्रण आज समय की मांग है। इसके अतिरिक्त, प्रत्येक भारतीय को वर्ष में कम से कम पाँच पौधे लगाने चाहिए और उनके बडे होने तक उनकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

'भाग्य से बड़ा होता है विश्वास'

■ महोत्सव में भारत की आध्यात्मिक संस्कृति के दुर्लभ रहस्यों के दर्शन हो रहे

उदयपुर, (कासं)। आपकी दशा और दिशा भगवान तय करते हैं। भगवान यदि आपके साथ है तो सदा मंगल है लेकिन इसके लिए आपका भगवान पर दृढ विश्वास होना जरूरी है। कई बार आप भाग्य के भरोसे रहकर विपरित स्थिति से भी समझौता करते हैं लेकिन विश्वास है तो भाग्य भी बदलता है। भाग्य से भी बड़ा होता है आपका विश्वास।

यह उदगार कृष्णगिरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु पूज्यपाद वसन्त विजयानन्द गिरी जी महाराज ने मीरानगर में चल रहे श्री महालक्ष्मी कोटि कुंकुमार्चन पूजा, यज्ञ, साधना महामहोत्सव में मंगलवार शाम भक्तों को शिव पुराण कथा श्रवण कराते हुए व्यक्त किये।

महोत्सव आयोजन समिति के अध्यक्ष नानालाल बया, महामंत्री देवेन्द्र मेहता ने बताया कि गुरुदेव ने मृदण्ड ऋषि पुत्र के 16 वर्ष आयु तक जीवन वरदान के प्रसंग को विस्तार से बताया और शिव भक्ति की महिमा, भक्त के विश्वास की महत्ता बताई। पूज्य गुरुदेव ने कहा कि तकदीर ब्रम्हा लिखते हैं लेकिन शिव उसे बदल सकते हैं। इसलिए भाग्य से बड़ा विश्वास होता है। यह जरूर है कि ईश विश्वास पुनीत हो। पूण्य, ईमानदारी, नीति और सकारात्मकता के साथ हर व्यक्ति जीवन की हर सफलता प्राप्त कर सकता है। पाप के लिए क्षमा मांगो तो करुणामय होकर मांगो, भगवान अवश्य क्षमा करेंगे। भगवान के सामने क्षमा मांगना ही प्रायश्चित है।कथा के मध्य मार्बल उद्योगपति मुकेश मोदी, एंटरप्रेन्योर उद्योगपति, युवाओं के प्रेरक नमन पंचोली ने गुरुदेव का आशीर्वाद लिया। उनका आयोजन समिति की ओर से अभिनन्दन किया गया। सुबह महालक्ष्मी सिद्धि साधना, दोपहर में महालक्ष्मी महायज्ञ में श्रद्धालु पूरे मनोयोग से भाग ले रही है। नए वर्ष के प्रथम दिवस 1 जनवरी को पूज्यपाद वसंत विजयानन्द गिरी जी महाराज के श्रीमुख से एकलिंगजी शिव पुराण कथा में भजन गायक कीर्तिदान गढ़वी भजनों की प्रस्तुतियां देंगे।

कथा का समापन

डूंगरपुर। श्रीनाथजी मंदिर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन हुआ। इसका समापन बुधवार को हुआ।

इस अवसर पर कथावाचक आचार्य दीपेंन व्यास ने सुदामा चरित्र, सुभद्रा हरण की कथाएं और यादव वंश के अंत की कहानी सुनाई।आचार्य व्यास ने कृष्ण और सुदामा की मित्रता की कहानी सुनाई। इसमें उन्होंने बताया कि कैसे दोनों मित्र बचपन से ही साथ थे और साथ-साथ पढाई करते थे। सुदामा की गरीबी के बावजूदए कृष्ण ने अपने मित्र का सम्मान किया और उसकी गरीबी दूर की।

आचार्य व्यास ने रुक्मिणी और सुभद्रा हरण की कहानियों का उपयोग यह संदेश देने के लिए किया कि बेटियों की शादी उनकी सहमति से ही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह सिद्धांत और व्यवहार दोनों में महत्वपूर्ण है।

साहस का दिया परिचय

बांसवाड़ा, (निसं)। विक्षिप्त महिला की जान बचाने के लिये अपनी जान की परवाह न करते हुए कालिका पेट्रोलिंग यूनिट की महिला कांस्टेबल गंगा ने तेज बहाव में छलांग लगाते हुए विक्षिप्त महिला की जान बचाते हुए अदम्य साहस का परिचय दिया। शहर के बारी सियातलाई क्षेत्र में मॉडल स्कूल के पास बड़ी नहर में एक विक्षिप्त महिला उतर गयी थी जिसकी सूचना लोगों ने कोतवाली थाने में दी। इस पर गंगा स्कूटी से मौके पर पहुंची। गंगा ने समझाईश करते हुए महिला को बाहर निकलने को कहा लेकिन विक्षिप्त महिला गंगा पर ही पानी उछालने लगी।

'संतति को संस्कारों से करें पल्लवित तभी परिवार होगा संस्कारवान'

बांसवाड़ा, (निसं)। नाम स्मरण का बड़ा महत्व है ऐसे में अपने जीवन को उत्कृष्ट बनाने के लिए अपने आराध्य को सदैव अपने मन में रखते हुए संसार के सभी दायित्व का निर्वाह करना चाहिए। सेवा और सत्कर्म व्यक्ति के जीवन को महान बनाता है किंतु इसके लिए सत्संग ही सद्मार्ग दिखने में सहायक होता है। उक्त उद्गार साध्वी जयप्रिया ने मानस महिला मंडल के तत्वावधान में 108 भक्तमाल कथा के समापन पर धर्मसभा में व्यक्त किये।

उन्होंने कहा कि कथा को अपने मन में उतारकर उसे आचरण में लाने से ही जीवन की सफलता है। भक्ति अपने भगवान का सानिध्य पाने के लिए कलयुग में सत्संग का सहारा लेकर अपना आत्म कल्याण का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि व्यक्ति अपने धर्म शास्त्रों से प्रेरणा लेकर सद्मार्ग पर चलते हुए सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए अपनी संतति को भी प्रभु के नाम स्मरण का मार्ग बताएं जिससे हमारी सनातन संस्कृति की पताका विश्व में लहर सके व्यक्ति निर्माण से ही समाज और राष्ट्र का कल्याण है। अध्यक्ष शशिबाला चौबीसा ने बताया कि भक्तमाल कथा के दौरान कल्पेश सोनी की 14 माह की पुत्री नवश्री सोनी ने मानस मण्डल की आजीवन सदस्यता ली।

प्रवक्ता हितेश वैष्णव ने बताया कि वनेश्वर महादेव मन्दिर परिसर में भक्तमाल कथा के मुख्य यजमान सरोज-शिवराजसिंह चौहान एवं परिवारजनों, भामाशाह लाभार्थी के साथ अध्यक्ष शशिबाला-नलिनीकान्त चौबीसा, संयोजक राधा-तरूण जोशी ने व्यासपीठ का पूजन किया।

भूपाल नोबल्स का 104वां स्थापना दिवस कल, दीक्षांत समारोह 7 को

उदयपुर, (कासं)। विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स संस्थान उदयपुर का 104 वां स्थापना दिवस आगामी 2 जनवरी प्रात: 11 बजे महाराणा प्रताप खेल मैदान समारोह पूर्वक मनाया जायेगा जिसकी तैयारियों जोरशोर से चल रही है। मैदान पर विशाल पांडाल बनाया जा रहा है। सुरक्षा की दृष्टि से पूरे प्रोटोकॉल का ध्यान रखा गया है।

■ रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में करेगें शिरकत

■ दीक्षांत समारोह में राज्यपाल बागड़े मुख्य अतिथि होंगे

प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने प्रेसवार्ता में विद्या प्रचारिणी सभा भूपाल नोबल्स संस्थान उदयपुर के दिवस की जानकारी दी।

प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए कार्यवाहक अध्यक्ष प्रो. शिवसिंह सारंगदेवोत ने संस्थान के इतिहास की जानकारी देते हुए बताया कि 1923 में स्थापित इस संस्थान ने अपने 103 वर्ष के कार्यकाल में कई कीर्तिमान स्थापित किये है। यहाँ के विद्यार्थियों ने शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति एवं आर्मी में महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाए दी। प्रो. सारंगदेवोत ने बताया कि समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में केन्द्रीय रक्षा मंत्री माननीय राजनाथ सिंह जी मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। समारोह में महाराणी साहिबा श्रीमती महिमा कुमारी मेवाड़ उपस्थित रहेगी। विशिष्ठ अतिथि उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, चितौडगढ़ सांसद सी.पी. जोशी, कुंभलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिंह राठौड़, समाजसेवी एवं राजीतिज्ञ अनिल सिंह होंगे जबकि अध्यक्षता प्रधान संरक्षक एवं अध्यक्ष महाराणा विश्वराज सिंह मेवाड़ करेंगे। अतिथियों का मेवाडी परम्परा के अनुसार स्वागत किया जायेगा। सबसे पहले राजनाथ सिंह भूपाल सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजली अर्पित करेंगे उसके बाद एनसीसी केडेट्स द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर दिया जायेगा। संस्थान को उंचाईयों पर पहुंचाने में अपना अतुलनीय योगदान देने वाले एवं खेल जगत में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सदस्यों का लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड 2026 से सम्मानित किया जायेगा।

प्रबंध निदेशक मोहब्बत सिंह राठौड़ ने बताया कि समारोह से पूर्व प्रात: 8 बजे देश में अमन शांति के लिए हवन पुजन का आयोजन किया जायेगा। जिसमें संस्था के पदाधिकारी एवं सदस्य भाग लेंगे। प्रात: 9 बजे ओल्ड बोएज एसोसिएशन की ओर से विशाल चिकित्सा शिविर एवं ब्लड डोनेशन का आयोजन किया जायेगा। संयुक्त मंत्री राजेन्द्र सिंह ताणा ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से समारोह में आमजन का प्रवेश सेवाश्रम स्थित इनडोर स्टेडियम से वह बीएन संस्थान के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं का मुख्य मार्ग से होगा। अपने वाहन भी वही पार्क कर सकेंगे।

रजिस्ट्रार डॉ. एन.एन. सिंह ने बताया कि भूपाल नोबल्स विश्वविद्यालय का दूसरा दीक्षांत समारोह 7 जनवरी को होगा जिसमें मुख्य अतिथि राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े शिरकत करेंगे। समारोह में 99 शोधार्थियों को पीएचडी की उपाधि एवं स्नातकोत्तर परीक्षा में 47 उत्कृष्ट विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जाने के साथ ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर की 2025 डिग्री जारी की जायेगी।

सार-समाचार

थीम बेस्ड पार्टियों में थिरके लोग

उदयपुर, (कासं)। झीलों के शहर में वर्ष 2025 को अलविदा कहने और 2026 के स्वागत के लिए शहर की बड़ी होटलों, रिसोर्ट्स व फार्म हाउस पर सेलिब्रेशन पार्टियों का आयोजन किया जा रहा है। इधर, नए साल के स्वागत के लिए होटल्स व रिसोर्ट्स में अलग-अलग थीम बेस्ड पार्टियां होगी। वहीं शहर में नए साल का जश्न मनाने और छुट्टियां मनाने बड़ी संख्या में पर्यटक पहुंच चुके है। 25 दिसम्बर से उदयपुर में पर्यटकों का आना शुरू हो गया और वह जारी है। इधर, ट्रैफिक व पार्किंग के लिए शहर पुलिस द्वारा विशेष इंतजार भी शहर में किए गए है। लेकसिटी में न्यू ईयर का सेलिब्रेशन रात 8 बजे से शहर की होटलों में शुरू हो चुका है और इस सेलिब्रेशन को मनाने पड़ौसी राज्यों के सैलानी अपने परिवार के साथ उदयपुर पहुंचे है। न्यू ईयर सेलिब्रेशन की यह पार्टियां देर रात तक चलेगी। रमाड़ा रिसोर्ट्स उदयपुर की डॉली तलदार ने बताया कि इस बार थर्टी फर्स्ट पर होने वाली न्यू ईयर सेलिब्रेशन पार्टी के लिए उन्होंने 'होलोवन थीम' बेस्ट पार्टी की तैयारियां की है। डोली ने बताया कि रिसोर्ट्स पर हर साल न्यू ईयर सेलिब्रेशन थीम बेस्ड ही होता है ताकि हर साल रिसोर्ट्स में आने वाले मेहमानों को कुछ नया अनुभव हो सके। इसके साथ ही शहर की बड़ी होटलों में फॉरेन कंट्री थीम बेस्ट पार्टियां होगी। कई जगहों पर जगलिंग एक्ट्स, डांस, सिंगिंग, डीजे की प्रस्तुतियां भी सेलिब्रेशन में शामिल होगी वहीं डीजे की धुनों शहरवासी व पर्यटक थिरकेंगे। वहीं शहर के आसपास क्षेत्रों में स्थित फार्महाउस पर कई लोगों ने अपने परिवार, परिचित व मित्रों के साथ इस न्यू ईयर सेलिब्रेशन की तैयार की है। शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में भी बदलाव किया गया है। अंदरूनी शहर में वन-वे ट्रैफिक रहेगा।

जरूरतमंद महिलाओं को कंबल बांटे

बांसवाड़ा, (निसं)। श्री गणेश भक्त मण्डल के 44वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में ढूंढापाड़ा गांव से कम्बल वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जीवणी निनामा की अध्यक्षता में हुआ। मंडल अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने बताया कि स्थापना 92 वर्षीय सोनी बाई निनामा को कम्बल वितरण कर श्रीगणेश किया गया। उन्होंने बताया कि स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में मण्डल की ओर से प्रतिवर्ष सामाजिक सरोकार के कार्य किए जाते है इसी क्रम में इस वर्ष भी एक माह तक समाज सेवा के कार्य किये जायेंगे। उन्होने कहा कि जरूरतमंदो की सेवा से बड़ा कोई धर्म नही है। इस अवसर पर 35 जरूरतमंद महिलाओं को कंबल प्रदान किये गये। सचिव देवेन्द्र शाह ने बताया कि कार्यक्रम में मण्डल के रामकृष्ण पंचाल, विनय भट्ट, मुकेश भावसार, संजय गुप्ता, कपिल पुरोहित, हार्दिक पुरोहित ने सहयोग प्रदान किया।

धरना प्रदर्शन 3 जनवरी को

डूंगरपुर। प्रदेश के हजारों पशु चिकित्सा कर्मचारियों-अधिकारियों पर शासन सचिव,पशुपालन विभाग द्वारा की जा रही दमनात्मक कार्यवाहियों के विरोध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के बैनर तले प्रदेश के हजारों कर्मचारी ०3 जनवरी 2026 को पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत के सिविल लाईन, जयपुर स्थित आवास का घेराव कर विरोध प्रदर्शन करेंगे। महासंघ के प्रदेषाध्यक्ष महावीर शर्मा एवं महामंत्री महावीर सिहाग ने बताया कि राज्य सरकार के द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के अन्तर्गत सीमावर्ती क्षेत्रों में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को पदस्थापित किया गया था,समस्त कर्मचारियों ने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए रातों,रात सैकडों किलोमीटर दूर कार्यग्रहण भी कर लिया था, जिनमें से अधिकांश विभागों के कर्मचारियों की परेशानी एवं दूरी पर संवेदनशीलता से विचार करते हुए उन्हें अपने मूल पदस्थापन स्थान पर पदस्थापित कर दिया गया परन्तु पशुपालन विभाग में माननीय न्यायालय के निर्णय के बावजूद उन कर्मचारियों को शासन सचिव, पशुपालन विभाग द्वारा आज दिवस तक मूल पदस्थापन स्थापन पर पदस्थापित नही कर प्रताडना दी जा रही है। इसके साथ ही पांच वर्षो से लम्बित पदौन्नति एवं केडर पुर्नगठन सहित विभिन्न मांगो को लेकर पशु चिकित्सा कर्मचारियों को लेकर 10 मार्च 2025 को किए गए प्रदर्शन का अवकाश स्वीकृत नहीं कर हजारों कर्मचारियों के वेतन निर्धारण एवं सेवानिवृति प्रकरणों का निस्तारण नहीं करने से प्रदेश के कर्मचारियों में भारी आक्रोश व्याप्त है

मिली कानूनी जानकारियां

उदयपुर, (कासं)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश ज्ञानप्रकाश गुप्ता के निर्देशन में जिला